RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 308 | नागौर, 15 अक्टूबर, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## ज्ञानवापी के कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग नहीं

### वाराणसी कोर्ट का ऑर्डर, संरचना की उम्र तय करने वैज्ञानिक जांच की मांग थी

वाराणसी।

वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग नहीं होगी। पांच हिंदू महिलाओं ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में मिली शिवलिंग जैसी संरचना की उम्र, लंबाई और चौड़ाई का पता लगाने के लिए इस वैज्ञानिक जांच की मांग की थी। जांच के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) को आदेश देने की अपील की गई थी। अदालत ने यह मांग खारिज कर दी।

शुक्रवार को वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई के दौरान कुल 58 लोगों को एंट्री दी गई दी। इनमें वकीलों के साथ हिंदू और मुस्लिम पक्ष से जुड़े लोग शामिल थे। पहले की तरह आज भी याचिका लगाने वाली महिलाओं में से राखी सिंह कोर्ट में नहीं मौजूद रहीं। बाकी चार महिलाएं सीता साहू, मंजू व्यास, रेखा पाठक और लक्ष्मी देवी सुनवाई के दौरान मौजूद थीं।

#### मसाजिद कमेटी ने कहा था- जांच की जरूरत नहीं

इस मामले में ज्ञानवापी मसाजिद कमेटी ने कहा था- कथित शिवलिंग की वैज्ञानिक जांच की कोई जरूरत नहीं है। हिंदू पक्ष ने अपने केस में ज्ञानवापी में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष देवी-देवताओं की पूजा की मांग की है। फिर यह शिवलिंग की जांच की मांग क्यों कर रहे हैं...? हिंदू पक्ष ज्ञानवापी में कमीशन की ओर से सबूत इकट्ठा करने की मांग कर रहा है। सिविल प्रक्रिया संहिता में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। कमेटी ने दलील दी थी कि 16 मई, 2022 को एडवोकेट कमिश्नर के सर्वे के दौरान मिली आकृति पर असमंजस है। उससे संबंधित आपत्ति का निपटारा भी नहीं हुआ है। 17 मई, 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने भी आकृति मिलने वाली जगह को सुरक्षित रखने के



लिए कहा है। ऐसे में वहां खुदाई या अलग से कुछ भी करना उचित नहीं होगा।

## ऋतुजा लटके को परेशान करने को लेकर लोगों में आक्रोश है : आदित्य ठाकरे



मुंबई।

शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे ने एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार की शुक्रवार को आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरीके से उनकी पार्टी की प्रत्याशी ऋतुजा लटके को परेशान किया गया है, उससे लोगों में गुस्सा है। लटके अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर अगले महीने होने वाले उपचुनाव के लिए शिवसेना के ठाकरे गुट की प्रत्याशी हैं। आदित्य ठाकरे ने कहा कि उन्हें 100 फीसदी भरोसा है कि लटके को महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों के मत मिलेंगे। एमवीए में शिवसेना का ठाकरे गुट, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल हैं। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की कर्मचारी लटके ने इस महीने की शुरुआत में इस्तीफा दे दिया था लेकिन बीएमसी ने इसे स्वीकार नहीं किया। लटके ने बाद में बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया, जिसने बृहस्पतिवार को उन्हें राहत देते हुए बीएमसी को उनका इस्तीफा स्वीकार करने का निर्देश दिया। ठाकरे ने आरोप लगाया कि बीएमसी पर लटके का इस्तीफा स्वीकार न करने का दबाव था। उन्होंने कहा, ''जिस तरीके से एक महिला (लटके) को परेशान किया गया, उससे लोगों में आक्रोश है।

## त्यौहारी सीजन में पुलिस ने फिल्ड में बढाई मौजूदगी : शहर में संवेदनशील इलाकों में किया जा रहा है पुलिस का फ्लैग मार्च



जयपुर।

राजधानी जयपुर में त्योहारी मौके पर कानून व्यवस्था की पालना और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस-प्रशासन सर्तक हो गया है। जयपुर पुलिस कमिशनरेट की ओर से शहर में अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। दीवाली के त्योहार को लेकर परकोटा इलाके में कानून व्यवस्था की पालना के लिए शुक्रवार को रेपिड एक्शन फोर्स द्वारा फ्लैग मार्च निकाला। जयपुर के अतिसंवेदनशील इलाकों पर फोकस कर हथियारों से लैस जवान कदम- कदम मिलाकर फ्लैग मार्च करते गलियों से निकले। अचानक बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ते को देखकर लोग सहम गए और तरह-तरह के कयास लगाते दिखे। रेपिड एक्शन फोर्स की ओर से जयपुर के कर्बला चौराहे से हथियार बंद जवान और बख्तरबंद गाड़ियों में सवार जवानों ने फ्लैग मार्च शुरू किया। बड़ी संख्या में आरएएफ जवान कदम से कदम मिलाकर लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देते दिखे। आरएएफ जवानों का यह फ्लैग मार्च दशहरा कोठी, गंगापोल पुलिया , गंगापोल गेट ,चार दरवाजा, जियाउद्दीन दरगाह, गांधी चौक, हीदा की मोरी होता हुआ रामगंज चौपड़ पहुंचा।

## भारत पाकिस्तान सीमा पर दिखा ड्रोन, फायरिंग में बीएसएफ ने मार गिराया

नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन को बीएसएफ जवानों ने मारने में सफलता हासिल की है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार यानी 14 अक्टूबर की सुबह 4.35 बजे के आसपास शाहपुर बॉर्डर आउट पोस्ट पर ये घटना घटी है। गुरदासपुर की 73वीं बटालियन के जवानों ने फायरिंग कर ड्रोन को जमीन पर गिराया। फायरिंग किए जाने के कारण ड्रोन क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के मुताबिक ये पहला मौका है जब गुरदासपुर सैक्टर में ड्रोन को मार गिराया गया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंचकर ड्रोन की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सुरक्षा बलों और पुलिस ने मिलकर इलाके में तलाशी अभियान चलाया हुआ है। घटना के बाद डीआईजी प्रभाकर जोशी का कहना है कि बीओपी शाहपुर में सुबह सीमा पर तैनात जवानों ने देखा कि पाकिस्तानी इलाके की ओर से एक ड्रोन पाकिस्तानी भारत की सीमा में घुस रहा है। पाकिस्तानी ड्रोन को अवैध रूप से घुसता देख जवानों ने तत्काल कार्रवाई की और ड्रोन पर 17 गोलियां चलाई। ड्रोन दिखने के बाद से ही इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## हिमाचल प्रदेश में बजा चुनावी बिगुल, 12 नवंबर को होंगे मतदान, नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे




नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। चुनाव आयोग में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हिमाचल प्रदेश में एक चरण में चुनाव होंगे। हिमाचल प्रदेश की 68 सीटों पर एक चरण में 12 नवंबर को चुनाव होंगे जबकि नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे। चुनाव आयोग की ओर से साफ तौर पर कहा गया है कि हम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबंध है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रलोभनमुक्त चुनाव कराने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुछ पोलिंग बूथ महिला द्वारा संचालित होंगी। इसके अलावा कोविड प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखा जाएगा। 80 साल के ऊपर के वोटर घर बैठे ही वोट दे सकेंगे। नामांकन तक नए वोटर जुड़ सकेंगे।

चुनाव आयुक्त ने कहा कि 55 लाख वोटर्स इस बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चुनाव के दौरान सारी सीमाएं सील रहेंगी। उन्होंने फेक न्यूज़ से दूर रहने के लिए अपील की। नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर होगी। 12 नवंबर को वोट डाले जाएंगे जबकि 8 को नतीजे आएंगे। वर्तमान में देखे तो हिमाचल में भाजपा की सरकार है। भाजपा के पास 43 सीटें हैं जबकि कांग्रेस के पास 22 सीटें हैं। अन्य के खाते में 2 है जबकि सीपीआईएम के खाते में एक है।

### गुजरात चुनाव की तारीखों का ऐलान क्यों नहीं?

चुनाव आयोग ने कहा- इस मामले में कई तथ्यों पर विचार किया गया। इनमें तारीखों का ऐलान, तारीखों के बीच अंतर और मौसम शामिल हैं। इस मामले में चुनाव आयोग ने 2017 का पैटर्न ही फॉलो किया, जब गुजरात और हिमाचल के चुनाव अलग-अलग तारीखों में कराए गए थे।

**चुनाव आयोग के फैसले पर कांग्रेस का हमला**-गुजरात में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं करने पर कांग्रेस पार्टी ने इलेक्शन कमीशन पर हमला बोला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा- जाहिर है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुछ बड़े वादे करने और नई योजनाओं के लोकापर्ण के लिए अधिक समय देने के लिए किया गया है। इसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है।

**चुनाव आयोग ने क्या कहा?** -गुजरात विधानसभा चुनाव को बाद में कराने पर उठे सवाल का चुनाव आयोग ने जवाब दिया है। आयोग ने बताया कि दोनों राज्यों की विधानसभा के कार्यकाल का अंतर 40 दिन का है। हिमाचल प्रदेश में मौसम की काफी समस्या है। खासतौर पर ऊपरी इलाकों में, जहां बर्फबारी बहुत होती है। ऐसे में आयोग ने मानकों को देखते हुए ही ये फैसला लिया है।

**पिछली बार कब हुए थे चुनाव?** - गुजरात में पिछली बार दो चरण में चुनाव हुए थे। 25 अक्टूबर 2017 को चुनाव तारीखों का एलान हुआ। पहले चरण के लिए 14 नवंबर को अधिसूचना जारी हुई थी और दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को वोट डाले गए थे। पहले चरण का चुनाव नौ दिसंबर 2017 और दूसरे चरण का चुनाव 14 दिसंबर को नतीजे आए थे। पहले चरण में 89 और दूसरे चरण में 93 सीटों पर वोटिंग हुई थी।

## प्रियंका गांधी ने भाजपा पर साधा निशाना, बोली ओपीएस बीजेपी की केंद्र सरकार ने की थी बंद

सोलन।



हिमाचल के सोलन में परिवर्तन प्रतिज्ञा रैली को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संबोधित करते हुए भाजपा पर करारा प्रहार किया है उन्होंने अपने संबोधन को मां शूलिनी के जयकारे के साथ शुरू किया और अपनी दादी इंदिरा गांधी को याद किया। उन्होंने कहा कि हिमालय की बर्फ में इंदिरा गांधी की अस्थियां भी है। इंदिरा गांधी जानती थीं हिमाचल के लोगों के हौसले को। मेहनत के बल पर आज हिमाचल के लोगों ने प्रदेश को ऊचाईयों पर पहुँचाया हैं।

इस दौरान उन्होंने भाजपा की प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया और ओपीएस के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार के पास कर्मचारियों को पेंशन देने को पैसे नहीं, लेकिन उद्योगपतियों जा लोन माफ करने को पैसे जरूर है। भाजपा सरकार पर हमला-रोजगार के लिए कोई योजना नहीं। युवाओं को रोजगार तो नहीं दिया, पुलिस भर्ती में घोटाला किया।भाजपा सरकार पहले ही रिवाज बदल दिया, आपको देने के बजाय छीना। छोटे दुकानदारों, किसानों, बेरोजगारों से सिर्फ छीना।

कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों ने प्रदेश की जनता को सिर्फ दिया अब भाजपा ने लोगों के साथ उस भावनात्मक रिश्ते का रिवाज बदलते हुए छीनने का काम किया

#### प्रियंका ने दी कांग्रेस की 10 गारंटी

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इसकी गारंटी कि हमारी सरकार बनी तो दो निर्णय होंगे, उनकी सरकार बनते ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में जो निर्णय लिए जाएंगे, पहली मंत्रिमंडल की बैठक में 1 लाख युवाओं को रोजगार, ओपीएस की बहाली की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पहले निर्णय में प्रदेश के 100000 रिक्त पद भरे जाएंगे और आने वाले समय में कुल 500000 लोगों को रोजगार दिया जाएगा सरकार अपने दूसरे निर्णय निर्णय में ओपीएस की बहाली करेगी प्रदेश के 200000 कर्मचारियों के परिवारों को फायदा पहुंचेगा।

#### पीएम मोदी 17 दिन में 3 बार आ चुके

बता दें कि हिमाचल विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। वहीं राजनीतिक दलों ने प्रचार करना भी शुरू कर दिया है। देश की दोनों बड़ी पार्टियों के दिग्गज हिमाचल में जनसभा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ही रैली करके गए हैं। पीएम मोदी 17 दिन में 3 बार हिमाचल आ चुके हैं।

## केंद्र सरकार ने बढ़ाई हिमंत बिस्वा सरमा की सुरक्षा, अब जेड प्लस सिक्योरिटी कवर में रहेंगे

**नई दिल्ली.** अक्सर सुर्खियों में रहने वाले असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्र सरकार की ओर से उन्हें अब सीआरपीएफ की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें यह सुरक्षा अब पूरे भारत में प्रदान की जाएगी। फिलहाल हिमंत बिस्वा सरमा के पास पूर्वोत्तर में जेड श्रेणी की सीआरपीएफ की सुरक्षा उपलब्ध थी। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी की सलाह के बाद हिमंत बिस्वा सरमा की सुरक्षा की समीक्षा की गई थी जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। हिमंत बिस्वा सरमा के मौजूदा जेड कैटेगरी की सुरक्षा को अपग्रेड किया गया है और इससे जेड प्लस कर दिया गया है। आपको पता था कि गृह मंत्रालय समय-समय पर लोगों की सुरक्षा समीक्षा करता है। हिमंत बिस्वा सरमा की सुरक्षा की समीक्षा के बाद उन्हें जेड प्लस की सुरक्षा दी गई है। कुछ दिन पहले ही हमने देखा था कि तेलंगाना में जिस तरीके से हिमंत बिस्वा सरमा के संबोधन के दौरान एक शख्स उनके मंच पर चढ़ गया था और उनसे माइक छीनने की कोशिश कर रहा था।

## भारतीय छात्र पर चाकू से हमले पर विदेश मंत्रालय बोला, परिवार के संपर्क में हैं हम, मामले को गंभीरता से लिया जाएगा

नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र को कई बार चाकू मारे की घटना पर विदेश मंत्रालय प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमें घटना की जानकारी है। वह अस्पताल में है, उसका इलाज जारी है। कैनबरा में हमारा उच्चायोग और सिडनी में वाणिज्य दूतावास स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। हम परिवार के संपर्क में हैं। हमारे कुछ अधिकारी सिडनी के अस्पताल में उनसे मिले। हमने अपनी कांसुलर सेवाओं को बढ़ाया। हमें यह भी पता चला है कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया था।

## जयपुर में 10वीं की स्टूडेंट से क्लासमेट ने किया रेप : 4 दोस्तों को भी बुलाया, फिर होटल में गैंगरेप; छात्रा ने जहर खाया

जयपुर।

जयपुर में 10वीं क्लास की स्टूडेंट से गैंगरेप का मामला सामने आया है। बहला-फुसलाकर होटल में ले गए क्लासमेट ने उसे नशीली कोल्ड कॉफी पिलाई। जब छात्रा बेहोशी की हालत में हो गई तो उसके साथ रेप किया और अश्लील वीडियो बना लिया।

इसके बाद वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके चार दोस्तों ने भी छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। लड़की को ब्लैकमेल कर उससे करीब 60 हजार रुपए भी ऐंठ लिए। इन सब से तंग आकर छात्रा ने 10 अक्टूबर को जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे जयपुरिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। इस बीच, मालपुरा थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान पर गुरुवार रात एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि शिवदासपुरा निवासी 15 साल की लड़की गवर्नमेंट स्कूल में 10वीं क्लास में पढ़ती है। साथ पढ़ने वाले नाबालिग छात्र से उसकी दोस्ती हो गई। रिपोर्ट में बताया कि 16 अगस्त को आरोपी क्लासमेट ने उसे मिलने बुलाया।

मिलने जाने पर वह उसे बहला-फुसलाकर शिकारपुरा रोड सांगानेर स्थित एक होटल में ले गया। होटल में उसे कोल्ड कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी क्लासमेट ने संबंध बनाए और रेप का वीडियो भी बना लिया।

## चुनावी बॉन्ड के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट अब 6 दिसंबर को करेगा सुनवाई, केंद्र ने योजना को बताया पारदर्शी

नई दिल्ली।

चुनावी बॉन्ड योजना के खिलाफ दायर हुई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट अब 6 दिसंबर को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट उसी दिन यह परीक्षण करेगी कि क्या मामले को बड़ी पीठ को सौंपा जाना चाहिए। उधर, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनावी बॉन्ड की पद्धति राजनीतिक फंडिंग का बिल्कुल पारदर्शी तरीका है और काला धन या बेहिसाब धन प्राप्त करना असंभव है। बता दें कि एनजीओ की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने 5 अप्रैल को तत्कालीन सीजेआई एन वी रमना के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया था। इस मुद्दे को एक महत्वपूर्ण बताते हुए कहा था कि इस पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने एनजीओ की याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी लेकिन यह किसी अदालत के सामने नहीं आई।

राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के लिए राजनीतिक दलों को दिए गए नकद चंदे के विकल्प के रूप में चुनावी बांड पेश किए गए हैं।

### खातों में पारदर्शिता को लेकर दायर हुई थी याचिका

एनजीओ ने 2017 में राजनीतिक दलों के अवैध और विदेशी फंडिंग और सभी राजनीतिक दलों के खातों में पारदर्शिता की कमी के माध्यम से भ्रष्टाचार और लोकतंत्र की तोड़फोड़ के कथित मुद्दे पर जनहित याचिका दायर की थी। एनजीओ ने पश्चिम बंगाल और



असम में विधानसभा चुनाव से पहले मार्च 2021 में एक अंतरिम आवेदन दायर किया था जिसमें मांग की गई थी कि चुनावी बांड की बिक्री की विंडो को फिर से नहीं खोला जाए।

## दिल्ली शराब घोटाले में 25 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली।

दिल्ली शराब घोटाला केस में ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली में 25 जगह छापेमारी की। इस दौरान एजेंसी ने राजधानी के कई शराब कारोबारियों के आवासों सहित कई ठिकानों पर तलाशी ली। पहले भी ईडी और सीबीआई ने इस केस में 100 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। पहले एजेंसी ने कुछ नेताओं, पूर्व नौकरशाह और कारोबारियों के घर तलाशी ली थी। 7 अक्टूबर को दिल्ली, पंजाब और हैदराबाद में 35 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा था। वहीं, 16 सितंबर को ईडी ने भी इस मामले में दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, हैदराबाद, नेल्लोर और चेन्नई समेत देशभर में 40 ठिकानों पर छापेमारी की थी। तब सिर्फ हैदराबाद में ही 25 ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। जांच एजेंसियों ने अब तक केस में तीन आरोपियों विजय नायर, समीर महेंद्रू और अभिषेक बोइनपल्ली को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर भी आरोप हैं। दरसअल, सीबीआई ने मनीष सिसोदिया समेत 15 लोगों के खिलाफ छापे से दो दिन पहले, यानी 17 अगस्त को ही एफआईआर दर्ज कर ली थी। इसमें दावा किया गया था कि एक शराब कारोबारी ने मनीष सिसोदिया के नजदीकी को एक करोड़ रुपए दिए थे।

## सम्पादकीय

# बेकाबू महंगाई

**अ**र्थव्यवस्था के मोर्चे पर दो बड़े झटके एक साथ लगे हैं। खुदरा महंगाई दर बढ़ कर 7.41 फीसद पर पहुंच गई और औद्योगिक उत्पादन में 0.8 फीसद का संकुचन दर्ज हुआ। ये दोनों आंकड़े अगस्त महीने के हैं। महंगाई पर पिछली तीन तिमाहियों से काबू पाना कठिन बना हुआ है। रिजर्व बैंक की कोशिश है कि महंगाई को घटा कर छह फीसद तक लाया जा सके। मगर इसमें कामयाबी नहीं मिल पा रही। चिंता की बात है कि खाने-पीने की चीजों की महंगाई 8.6 फीसद पर पहुंच गई है, जिससे आम लोगों के रोजमर्रा की जिंदगी पर बुरा असर पड़ रहा है। पिछले दिनों रिजर्व बैंक ने दावा किया कि अगले दो सालों में महंगाई की दर चार फीसद पर स्थिर हो जाएगी, मगर जिस तरह अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं में संतुलन साधना मुश्किल बना हुआ है, उससे यह दावा धुंधला ही बना हुआ है। महंगाई को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व व्यापार संगठन समेत तमाम रेटिंग एजंसियां अपना अनुमान बदल चुकी हैं। विश्व व्यापार संगठन का कहना है कि पूरी दुनिया में महंगाई की मार अगले दो सालों तक बनी रहेगी। मंदी का दौर अगले चार सालों तक चलेगा।

सरकार के लिए सबसे अधिक चिंता का विषय है कि औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि नहीं हो रही। चूंकि सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में सबसे अधिक महत्त्व औद्योगिक क्षेत्र के योगदान का माना जाता है, उसके शिथिल पड़ने का अर्थ है कि पूरी अर्थव्यवस्था डावांडोल स्थिति में बनी रहेगी। पिछले दिनों वित्तमंत्री ने उद्योग क्षेत्र में निवेश न बढ़ पाने को लेकर चिंता जताते हुए एलान किया था कि उद्योग जगत अपनी समस्याएं बताए, जिसके आधार पर सरकार सहूलियतें देने का प्रयास करेगी। हालांकि पहले ही उद्योग जगत को काफी रियायतें दी जा चुकी हैं, कोरोनाकाल के बाद राहत पैकेज की घोषणा भी की गई थी, मगर उद्योग जगत गति नहीं पकड़ पा रहा, तो इसकी वजहों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर सितंबर और अक्तूबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन की दर पांच फीसद तक नहीं पहुंची तो जीडीपी पर बुरा असर पड़ेगा। हालांकि ये दो महीने त्योहारों के हैं, जिनमें बाजार में कुछ गतिशीलता रहती है, इसलिए अनुमान है कि इस दौरान उद्योग जगत को कुछ बल मिलेगा। मगर बुनियादी कमजोरियों को दूर करने की जरूरत फिर भी बनी रहेगी।

औद्योगिक उत्पादन गिरने का सीधा कारण है कि वस्तुओं की बाजार में खपत नहीं बढ़ पा रही। फिर खुदरा महंगाई की दर रोकने के लिए रिजर्व बैंक रेपो दरों में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है। अभी फिर इसमें पैंतीस आधार अंक तक बढ़ोतरी के कयास लगाए जा रहे हैं। इससे भी औद्योगिक उत्पादन पर असर पड़ता है। फिर निर्यात की दर नीचे का रुख किए हुए है। पूरी दुनिया में मंदी का दौर है, इसलिए भारतीय वस्तुओं की खपत बाहरी बाजारों में घटी है। इसके अलावा लोगों का रोजगार खत्म हो जाने, कमाई घटने, नौकरियां जाने की वजह से क्रयशक्ति काफी कमजोर हो गई है। इसलिए लोग बड़े खर्चों को लेकर अपने हाथ रोके हुए हैं। इस संतुलन को साधना सरकार के लिए कठिन बना हुआ है। जब तक यह संतुलन नहीं सधता, तब तक औद्योगिक उत्पादन की दर बेहतर होने का दावा कमजोर ही साबित होगा। इस बार असमान बरसात की वजह से कृषि उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ने का अनुमान है। ऐसे में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में संतुलन लाना भी चुनौतीपूर्ण बना रहेगा।

# विकास के दावे और भूख की हकीकत

**विश्व खाद्य उत्पादन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मजबूत आर्थिक प्रगति के बावजूद भुखमरी की समस्या से निपटने की रफ्तार बहुत धीमी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की रिपोर्ट कहती है कि दुनिया में खाद्यान्न का इतना भंडार है, जो प्रत्येक स्त्री, पुरुष और बच्चे का पेट भरने के लिए पर्याप्त है। इसके बावजूद करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो दीर्घकालिक भुखमरी और कुपोषण या अल्प पोषण की समस्या से जूझ रहे हैं। एक तरफ हम भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति के बारे में विश्व भर में कसीदे पढ़ रहे हैं, लेकिन यह सच है कि इतने सालों की आजादी के बाद भी हम जमीनी स्तर पर कुछ बुनियादी समस्याओं से भी पार नहीं पा सके हैं। बढ़ते भुखमरी के आंकड़ों के चलते 2030 तक भुखमरी हटाने का अंतरराष्ट्रीय लक्ष्य भी अब खतरे में पड़ गया है। यह कितना दुखद है कि संयुक्त राष्ट्र अपनी रिपोर्ट में भुखमरी के कारणों को अघोषित युद्ध की स्थिति, जलवायु परिवर्तन, हिंसा, प्राकृतिक आपदा जैसे कारणों की तो बात करता है, लेकिन मुक्त अर्थव्यवस्था, बाजार का ढांचा, नवसाम्राज्यवाद और नव उदारवाद भी एक बड़ी वजह है, इस पर संयुक्त राष्ट्र अपनी खामोशी बनाए रखता है, जबकि यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है।**

**बढ़ते** भू-राजनीतिक संघर्ष, वैश्विक जलवायु परिवर्तन से जुड़े मौसम की चरम सीमा और महामारी से जुड़ी आर्थिक तथा स्वास्थ्य चुनौतियां भुखमरी के स्तर को बढ़ा रही हैं। कुपोषण का वैश्विक प्रसार लगातार बढ़ रहा है। आर्थिक विकास के बावजूद भारत के सामने कुपोषण से लड़ने की बड़ी चुनौती है। सवाल यह है कि आजादी के पचहत्तर वर्षों के बाद भी भारत से कुपोषण जैसी समस्या को समाप्त क्यों नहीं किया जा सका है? आजादी के पचहत्तर साल बीत जाने के बाद भी भुखमरी देश के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। जबकि बीते सात दशक से भारत इस समस्या को खत्म करने के प्रयास में लगा हुआ है। विकास के तमाम दावों के बावजूद हम अभी भी गरीबी और भुखमरी जैसी बुनियादी समस्याओं के चपेट से बाहर नहीं निकल सका है। एक सौ तीस करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले देश में आज भी स्थिति यह है कि खाद्यान्न का उत्पादन बड़े स्तर पर होने के बावजूद बाजार में महंगाई की वजह से बहुत सारे लोगों के सामने खानेपीने की समस्या खड़ी हो गई है। बढ़ते भू-राजनीतिक संघर्ष, वैश्विक जलवायु परिवर्तन से जुड़े मौसम की चरम सीमा और महामारी से जुड़ी आर्थिक एवं स्वास्थ्य चुनौतियां भुखमरी के स्तर को बढ़ा रही हैं। कुपोषण का वैश्विक प्रसार लगातार बढ़ रहा है। आर्थिक विकास के बावजूद भारत के सामने कुपोषण से लड़ने की बड़ी चुनौती है। सवाल यह है कि आजादी के पचहत्तर वर्षों के बाद भी भारत से कुपोषण जैसी समस्या को समाप्त क्यों नहीं किया जा सका है? हालांकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में पांच गुना वृद्धि हुई है, पर कुपोषण का मसला चुनौती बना हुआ है।

कुपोषण की समस्या खाद्यान्न की उपलब्धता न होने के कारण नहीं है, बल्कि आहार खरीदने की क्रयशक्ति कम होने के कारण है। गरीबी के कारण क्रयशक्ति कम होने और पौष्टिक आहार की कमी के कारण कुपोषण जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। परिणामस्वरूप लोगों की उत्पादन क्षमता कम होने लगती है, जिससे लोग निर्धनता एवं कुपोषण के चक्र में फंसने लगते है। हालांकि बीते चालीस साल के दौरान भारत में बहुत से पोषण कार्यक्रम चलाए गए। वर्ष 2000 के बाद से भारत ने इस क्षेत्र में पर्याप्त प्रगति की है। लेकिन अभी भी बाल पोषण चिंता का मुख्य क्षेत्र बना हुआ है। इसी बीच जलवायु परिवर्तन न सिर्फ आजीविका, पानी की आपूर्ति और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है, बल्कि खाद्य सुरक्षा के लिए भी चुनौती खड़ी कर रहा है। इसका सीधा असरपोषण पर पड़ता है। यह सही है कि दुनिया भर में भूखे पेट सोने वालों की संख्या में कमी आई है। फिर भी विश्व में आज भी कई लोग ऐसे हैं, जो भुखमरी से जूझ रहे हैं। विश्व की आबादी वर्ष 2050 तक नौ अरब होने का अनुमान लगाया जा रहा है और इसमें करीब अस्सी फीसद लोग विकासशील देशों में रहेंगे। एक ओर हमारे और आपके घर में रोज सुबह रात का बचा हुआ खाना बासी समझकर फेंक दिया जाता है तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें एक वक्त का खाना तक नसीब नहीं होता और वे भुखमरी से जूझते हैं। कमोबेश हर विकसित और विकासशील देश की यही कहानी है। दुनिया में पैदा किए जाने वाले खाद्य पदार्थ में से करीब आधा हर साल बिना खाए सड़ जाता है। अगर अपने देश की बात करे तो यहां



भी केंद्र व राज्य सरकारें खाद्य सुरक्षा और भुखमरी की संख्या में कमी के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसके खास परिणाम नजर नहीं आ रहे हैं। इस पर अरबों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, मगर इनका पूरा लाभ गरीबों तक नहीं पहुंच पाता है। जबकि सियासत दशकों से मुफ्त रोजगार, सस्ता खाद्यान्न देकर वोट खरीदती रही है। बहरहाल, वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत के गरीबी, भुखमरी व स्वच्छता में पिछड़ने के कारण कई सवाल तो उठते ही हैं। इससे देश के सामने एक सबसे बड़ी चुनौती पहाड़ बनकर खड़ी हो गई है, जिसके कारण दुनिया के सामने देश की तस्वीर धुंधली हो जाती है। जबकि भूख से बचाव यानी खाद्य सुरक्षा की अवधारणा एक बुनियादी अधिकार है, जिसके तहत सभी को जरूरी पोषक तत्त्वों से परिपूर्ण भोजन उनकी जरूरत के हिसाब, समय पर और गरिमामय तरीके से उपलब्ध करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए। भारत में इस स्थिति के कई कारण हैं। इसमें बेतहाशा बढ़ती गरीबी, महिलाओं की खराब स्थिति, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का बुरा प्रदर्शन, पोषण के लिए जरूरी पोषक तत्त्वों का निम्न स्तर, लड़कियों की निम्नस्तरीय शिक्षा और नाबालिग विवाह जैसे कारण भारत में बच्चों में कुपोषण बढ़ाने के कारण हैं। भारत की यह विरोधाभासी छवि वाकई सोचने को बाध्य कर देती है। बुलेट ट्रेन का सपना संजोते देश ने दूसरे देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने की क्षमता तो अर्जित कर ली, लेकिन वह भुखमरी के अभिशाप से मुक्त नहीं हो सका। देश में भुखमरी मिटाने पर जितना धन खर्च हुआ, वह कम नहीं है। केंद्र सरकार के प्रत्येक बजट का बड़ा भाग आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए आबंटित रहता है, लेकिन इसके अपेक्षित परिणाम देखने को नहीं मिलते। ऐसा लगता है कि प्रयासों में या तो प्रतिबद्धता नहीं है या उनकी दिशा ही गलत है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि भारत की जनसंख्या अभी 1.04 फीसद की सालाना दर से बढ़ रही है। 2030 तक जनसंख्या 1.5 अरब तक पहुंचने का अनुमान है, लेकिन इतनी बड़ी जनसंख्या का पेट भरने के लिए खाद्यान उत्पादन में अनेक समस्याएं होंगी। जलवायु परिवर्तन न सिर्फ आजीविका, पानी की आपूर्ति और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। अनावश्यक कारणों पर भी धन खर्च हो सकता है। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें।

### वृषभ
आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

### मिथुन
अपने उत्तदायित्व अच्छी तरह से निभा पाएंगे। आर्थिक योजना बना सकेंगे। आभूषण, सौंदर्य प्रसाधन और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा।

### कर्क
आज आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता के साथ चिंता में भी रहेगा। शारीरिक कष्ट, विशेषकर आंखों में पीड़ा होने की आशंका रहेगी। परिजनों और स्नेहियों के साथ किसी घटना की संभावना है।

### सिंह
आज कोई भी काम बिना विचारे नहीं करें। आपकी बात-चीत या व्यवहार से किसी को कोई भ्रम न हो इसका ध्यान रखें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा। मानसिक चिंता के कारण मन व्यग्र रहेगा।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यापार में लाभ होगा। संतान और जीवन साथी से सुख मिलेगा।

### तुला
शारिरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चिंता से मुक्ति का अनुभव करेंगे। मित्रों के साथ किसी प्राकृतिक स्थान पर जाने की योजना बन सकती है। आज का दिन भोजन सुख के लिए अच्छा है।

### वृश्चिक
आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है। दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण अपने काम को अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे। पदोन्नति की संभावना भी है।

### धनु
आपका आज का दिन धार्मिक काम में व्यतीत होगा। किसी धार्मिक स्थान पर जा सकेंगे। विदेश जाने का अवसर मिलेगा। दोस्तों से लाभ मिलेगा। कार्यालय में उच्च अधिकारियों से बातचीत में सावधान रहें।

### मकर
आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


### कुंभ
आज आपके दैनिक काम में परिवर्तन हो सकेगा। आज पूरी तरह से मनोरंजन और मौज मस्ती के मूड में रहना चाहेंगे। मित्रों और परिवार के सदस्यों का साथ मिल सकेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

### मीन
आप नए पोशाक और वाहन भी खरीद सकेंगे। भागीदारी में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। वैवाहिक जीवन में आनंद के पल बिता सकेंगे। प्रियजनों से मिलना होगा और आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

## व्यापार समाचार

# तेजी में बंद हुआ शेयर बाजार : सेंसेक्स 684 अंक बढ़कर 57,919 पर बंद, निफ्टी 171 अंक चढ़ा

मुंबई।




घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स में 684 अंक से अधिक की मजबूती आई। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच इन्फोसिस, बैंक और वित्तीय शेयरों में भारी लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 1,200 अंक तक चढ़ गया था। लेकिन अंत में यह 684.64 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,919.97 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 171.35 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,185.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस सबसे ज्यादा 3.82 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि., एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 11 प्रतिशत बढ़कर 6,021 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने 9,300 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की पुनर्खरीद की घोषणा की है। वहीं, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, विप्रो, भारती एयरटेल, पावरग्रिड और मारुति शामिल हैं। इनमें 1.40 प्रतिशत तक की गिरावट रही। हेम सिक्योरिटीज के कोष प्रबंधक और प्रमुख (पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा) मोहित निगम ने कहा, ''दोपहर के कारोबार में मुनाफावसूली से, घरेलू शेयर बाजार में तेजी पर कुछ अंकुश लगा, लेकिन बाजार बढ़त में बना रहा। बैंक और आईटी शेयरों में लिवाली देखी गयी।'' साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 271.32 अंक यानी 0.46 प्रतिशत नीचे आया जबकि निफ्टी 128.95 अंक यानी 0.74 प्रतिशत टूटा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''मिले-जुले रुख के बीच बाजार में पिछले दो सप्ताह से उतार-चढ़ाव दिख रहा है। हम इसके जल्दी ही समाप्त होने की उम्मीद करते हैं। प्रतिभागियों को उन क्षेत्रों और शेयरों पर गौर करना चाहिए, जहां मजबूती दिख रही है...।'' एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट में बृहस्पतिवार को बड़ी तेजी रही।

# मोदी रविवार को देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां राष्ट्र को समर्पित करेंगे

नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वित्तीय समावेशन को और ज्यादा व्यापक बनाने के एक अन्य उपाय के रूप में रविवार को देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों (डीबीयू) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक इस अवसर पर प्रधानमंत्री का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधन भी होगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022-23 के आम बजट में देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश के 75 जिलों में 75 डीबीयू की स्थापना किए जाने की घोषणा की गई थी। पीएमओ ने कहा कि डीबीयू की स्थापना डिजिटल बैंकिंग का लाभ देश के कोने-कोने तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है और इनके अंतर्गत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र के 11 बैंक, 12 निजी बैंक और एक लघु वित्त बैंक इस प्रयास में भाग ले रहा है। पीएमओ ने कहा कि ये डीबीयू ब्रिक एंड मोर्टार आउटलेट्स से संचालित की जाएंगी, जहां लोगों को बचत खाता खोलने, बैलेंस-चेक करने, पासबुक प्रिंट करने, राशि अंतरित करने, फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करने, ऋण के लिए आवेदन करने, जारी किए गए चेक के लिए स्टॉप-पेमेंट निर्देश देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड के लिए आवेदन करने, खाते का विवरण देखने, करों का भुगतान करने, बिलों का भुगतान करने, नामांकन करने आदि विभिन्न डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। डीबीयू ग्राहकों को साल भर बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक किफायती, सुविधाजनक पहुंच और बेहतर डिजिटल अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। पीएमओ ने कहा कि ये डिजिटल वित्तीय साक्षरता का प्रसार करेंगी तथा ग्राहकों को साइबर सुरक्षा जागरूकता और सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

इसके अलावा डीबीयू द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या उसके बिजनेस फैसिलिटेटर्स के माध्यम से प्रस्तुत किए जा रहे व्यवसाय और सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने और उनको रीयलटाइम सहायता उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त डिजिटल व्यवस्थाएं होंगी।

## ब्रिटिश सरकार के साथ वित्तीय समर्थन पर बातचीत जारी : टाटा स्टील

नई दिल्ली।

घरेलू इस्पात कंपनी टाटा स्टील ब्रिटेन में अपने कारोबार को वित्तीय समर्थन देने के मुद्दे पर ब्रिटिश सरकार के साथ सक्रियता से बातचीत कर रही है। टाटा समूह के ब्रिटेन में मौजूद अपना स्टील कारोबार बेचने की खबरों के बीच कंपनी ने एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ''ब्रिटिश सरकार से टाटा स्टील दो तरह से समर्थन मांग रही है। नीतिगत नजरिये से हरित इस्पात की तरफ बदलाव को प्रोत्साहन देने के साथ ही लागत प्रतिस्पर्धी परिदृश्य सुनिश्चित करना शामिल है।'' इसके अलावा हम वहां की सरकार से निवेश के आकार और ब्रिटेन में हमारे कारोबार की वित्तीय रूप से प्रभावित स्थिति को देखते हुए परियोजना के वित्तपोषण में भागीदारी की मांग कर रहे हैं।'' टाटा स्टील फिलहाल अपने कारोबार के भविष्य को लेकर ब्रिटेन की सरकार के साथ सक्रिय और विस्तृत बातचीत कर रही है।

# दिसंबर या जनवरी से उपलब्ध होगा 20 प्रतिशत एथनॉल मिला पेट्रोल : पुरी

जयपुर।



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि देश में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल इस साल दिसंबर या जनवरी में उपलब्ध हो सकता है, हालांकि, इसके लिए लक्ष्य 2023 का रखा गया था। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हम एथनॉल उत्पादन की लगातार समीक्षा कर रहे हैं और मेरा मानना है कि 20 प्रतिशत मिश्रण वाला ईंधन अप्रैल, 2023 (के लक्ष्य) से पहले दिसंबर या जनवरी में बाजार में आ जाएगा।'' ब्राजील जहां फ्लेक्स ईंधन वाले वाहन उपलब्ध हैं और उपभोक्ता अपनी पसंद के अनुसार एथनॉल या पेट्रोल ले सकते हैं, का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यही सरकार का अंतिम लक्ष्य होगा। हालांकि, उस स्तर तक पहुंचने के लिए कुछ तकनीकी पहलू हैं और काम चल रहा है। उन्होंने कहा, ''हम एथनॉल मिश्रण को लेकर वाहन विनिर्माता कंपनियों के साथ एक बड़ी बैठक करने जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पेट्रोल में एथनॉल-मिश्रण प्रतिशत 2013 में 0.67 प्रतिशत से बढ़कर मई, 2022 में 10 प्रतिशत हो गया है यानी निर्धारित समय से पांच महीने पहले। यह 27 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन को कम कर रहा है जो पर्यावरण के लिए अच्छा है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुमानों के अनुसार, भारत आने वाले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा खपत में वृद्धि का एक-चौथाई (25%) योगदान देगा। बीपी का अनुमान है कि भारत की ऊर्जा मांग दोगुनी हो जाएगी, जबकि प्राकृतिक गैस की मांग 2050 तक पांच गुना बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में पाइपलाइन का कार्य तेज गति से हो रहा है। 2014 तक गैस पाइपलाइन 14,000 किलोमीटर तक थी, जो आज 22,000 किलोमीटर से अधिक तक पहुंची है। इसे 35,500 किलोमीटर तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने विकासशील अर्थव्यवस्था को कच्चे तेल और गैस की बढ़ती कीमतों से बचाते हुए वैश्विक ऊर्जा चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना किया है। भारतीय पेट्रोलियम उद्योग अवसर के शिखर पर है और 2030 तक अपनी कच्चे तेल की मांग का 25 प्रतिशत उत्पादन करने में सक्षम होगा। वर्तमान में हमारे देश में हर दिन 50 लाख बैरल पेट्रोलियम की खपत हो रही है और इसमें भी तीन प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 20.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 532.868 अरब डॉलर पर

मुंबई।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सात अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 20.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 532.868 अरब डॉलर पर पंहुच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक सुरक्षित सोने के भंडार का मूल्य बढ़ने से विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इसके पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 4.854 अरब डॉलर घटकर 532.664 अरब डॉलर पर आ गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले कई हफ्तों से लगातार गिर रहा था। दरअसल तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में डॉलर के मुकाबले तेजी से गिरते रुपये को संभालने के लिए आरबीआई ने इस विदेशी मुद्रा भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल किया है। एक साल पहले अक्टूबर 2021 में देश का विदेश मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की तरफ से जारी साप्ताहिक सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 1.311 अरब डॉलर घटकर 471.496 अरब डॉलर रह गयीं। एफसीए असल में समग्र भंडार का एक प्रमुख हिस्सा होता है। डॉलर के संदर्भ में एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में वृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल है। आरबीआई ने कहा कि सात अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में सोने के सुरक्षित भंडार के मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि होने से विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इस दौरान सोने के सुरक्षित भंडार का मूल्य 1.35 अरब डॉलर बढ़कर 38.955 अरब डॉलर पर आ गया।

# मेड़ता के बिहानियो के मोहल्ले के एक दर्जन मकानों में अचानक आई दरारें

## मकानों में आई दरारों से मोहल्ले वासियों की बढ़ी चिंता





### विधायक इंदिरा देवी बावरी ने भी मौके पर पहुंचकर हालातों का लिया जायजा

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )** : मेड़ता शहर के बिहानियो के मोहल्ले के मकानों में एक दर्जन से ज्यादा मकानों में अचानक बड़ी दरारें आने से मोहल्लेवासी भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं। मोहल्ले के निवासियों के अनुसार पेयजल पाइपलाइन रिसाव होने के कारण उनके घरों के नीव में पानी भर गया है।

जिसके परिणाम स्वरूप मोहल्ले के मकानों में दरारे आ गई है। सूचना पर मेड़ता विधायक इंदिरा देवी बावरी मौके पर पहुंची। विधायक इंद्र देवी बावरी ने यहां पर हालातों का जायजा लिया इसके साथ ही मौके पर कार्यवाहक एसडीएम भागीरथ चौधरी व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस मौके पर विधायक इंदिरा देवी बावरी ने कहा कि मकानों में दरार आने बड़ा नुकसान हुआ है।

#### विधायक इंदिरा देवी बावरी के समक्ष महिलाओं के छलके आंसू

मकानों में दरारे आने की वजह पता की जानी चाहिए इसके साथ ही जिन मकानों में नुकसान हुआ उनके परिवार जनों को सरकारी रूप से सहायता मिलनी चाहिए। इस मौके पर कार्यवाहक एसडीएम चौधरी ने कहा कि कि इसकी रिपोर्ट बनाकर जिला कलेक्टर को भिजवाई जाएगी। इस अवसर पर साधना गुजराती, प्रीति गुजराती, सुमन मौजूद रही। विधायक इन्दिरा बावरी के सामने महिलाओं के आंसू छलक उठे।

# विधायक भाकर ने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने के दिये निर्देश

## सीवरेज कार्य मे लापरवाही के लिए जिम्मेदारों से जवाब तलब किया



अबूबकर बल्खी।

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज )** : स्थानीय विधायक मुकेश भाकर ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर शहर में सीवरेज कार्यों में बरती जा रही लापरवाही के लिए जिम्मेदारों से जवाब भी तलब किया। इस मौके पर विधायक ने रुडीप अधिकारी ईशवरम, कनिष्ठ अभियंता जितेंद्र व शेर मोहम्मद से सीवरेज कार्य के बाद तोड़ी गई सड़कों का समय पर पुनर्निर्माण नहीं करवाने पर जवाब मांगा। उन्होंने रुडीप अधिकारियों को पहले एक कार्य पूर्ण करने उसके बाद दूसरे मोहल्ले में खुदाई का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। एक साथ सभी गलियों को खोदकर छोड़ देने पर नाराजगी जताई। इस मौके पर जलदाय विभाग के सहायक अभियन्ता रमनलाल चौधरी ने रुडीप अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पीएचईडी को बिना सूचना किये कार्मिक खुदाई का काम शुरू कर देते हैं व पाईपलाइन डेमेज कर देते हैं जिससे सप्लाई चालू करते समय हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है और घरों में पानी नहीं पहुंच पाता। उन्होंने पीडब्ल्यूडी एईएन जितेंद्र जांगिड़ से विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी ली। जांगिड़ ने बताया कि शहर में बस स्टेण्ड से हॉस्पिटल सामने की सड़क पर आगामी 10 दिनों में ट्रैफिक शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अन्य सड़क निर्माण के बारे में जानकारी प्रदान की। लाडनूँ की कन्या कॉलेज व अल्पसंख्यक बालक छात्रावास की डेढ़ महीने बाद टेंडर एंव वर्क ऑर्डर कर निर्माण शुरू करवाने का आश्वासन दिया। पशु चिकित्सक डॉ धर्मेंद्र से लंपी पशुओं की जानकारी ली गई व रोकथाम के लिए निर्देश दिए गए। विधायक ने बस स्टैंड व गर्ल्स कॉलेज का अगले दो महीने में शिलान्यास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं सरपंचगण व आमजन उपस्थित रहे।

# थानाधिकारी ने व्यापारियों व सीएलजी सदस्यों की ली बैठक



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज )** : थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह कमांडो ने शहर के व्यापारियों व सीएलजी सदस्यों की बैठक लेकर दीपावली पर्व पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। कमांडो ने बताया कि व्यापारी दुकान बंद कर अपने घर जाते समय केश का ध्यान रखे, फ्रॉड ग्राहक बनकर आने वाले अजनबी लोगों पर विशेष ध्यान रखे ऐसे लोगों की सूचना पुलिस को अवश्य देने की बात कही। त्यौहार के अवसर पर बढ़ती मार्केटिंग के तहत बाजार में पार्किंग के लिए तीन मुख्य स्थानों को चिन्हित कर वँहा अपने वाहन खड़े कर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने पर चर्चा की। थानाधिकारी ने बताया कि अब दीपावली पर्व तक प्रतिदिन बेहतर पोलिसिंग के लिए पुलिस गश्त की जाएगी।

#### शहर के ये प्रबुद्धजन रहे मौजूद

इस अवसर पर चीफ शहरकाजी मुहम्मद मदनी अशरफी, अध्यक्ष सुशील पीपलवा, रमेश कुमार सिंधी, बलजी बिसायती, याकूब सोरघर, नूर मोहम्मद बल्खी, पार्षद मोहनसिंह, जयप्रकाश जेपी माली, आसूचना अधिकारी मोहम्मद शकीर, नरपतसिंह गौड़, सिंभुसिंह जेतमाल आदि लोग मौजूद रहे।

# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने कन्या महाविद्यालय में भेंट की खेल सामग्री

### खेलने से होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में वहां की आवश्यकताओं को देखते हुए खेल सामग्री भेंट की। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, सचिव लॉयन सीए विमल शर्मा, क्लब उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, सहसचिव लॉयन रचित नंदवाना ने महाविद्यालय पहुंचकर नोडल प्राचार्य डॉ. वन्दना चौधरी, डॉ. राजेश चौधरी, प्राचार्य डॉ. भंवरलाल डूडी, संकाय सदस्य डॉ. अंजु गावड़िया, डॉ. गोविन्द सारस्वत को खेल सामग्री सुपुर्द की। इस दौरान लॉयन राम काबरा ने छात्राओं से कहा पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा शरीर स्वस्थ रहता है। डॉ. भंवरलाल डूडी ने बताया कि महाविद्यालय की बालिकाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़े इस हेतु खेल सामग्री की आवश्यकता महसूस हुई, जिसके लिए लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट को कहा गया इस पर इन्होंने तुरंत उपलब्ध करवाई। डॉ वन्दना चौधरी एवं डॉ राजेश चौधरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा इससे पहले भी क्लब द्वारा यहां पर शीतल जल मंदिर का निर्माण करवाया गया जो अनुकरणीय है।

# वांछित आरोपी गिरफ्तार

धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** वान्छित अपराधियों की धड़पकड़ अभियान व स्थाई वारंटीयों को गिरफ्तार करने के आदेशों की पालना में मौलासर पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सुदरासन निवासी बाबू खा पुत्र रमजान खा जो कि मारपीट मामले में एक साल से फरार चल रहा था, जिस पर हैड कांस्टेबल सुरेश मीना, कॉन्स्टेबल इंद्राज मीना ने कार्यवाही करते हुए आरोपी बाबू खां को डीडवाना के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को डीडवाना के बस स्टैंड से दस्तयाब किया गया,वही आरोपी मौके से फरार होने के फिराक में था। पुलिस ने आरोपी को डीडवाना न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय में आरोपी को जेल भेज दिया गया।



# सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 11वें चरण में डायरी वितरण कार्यक्रम आज

## योजना से प्रेरित होकर खाता खुलवाने वालों का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** कुचामन पंचायत समिति के विभिन्न ग्राम पंचायतों में बालिकाओं के लिए प्रोत्साहन के लिए ग्राम पंचायत खारिया के सरपंच देवीलाल दादरवाल 11वें चरण के तहत शनिवार को डायरी वितरण व सुकन्या समृद्धि योजना से प्रेरित होकर बालिकाओं के लिए खाता खुलवाने वालों का सम्मानित समारोह आयोजित किया जाएगा। सरपंच दादरवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुकन्या समृद्धि योजना के तहत पिछले 2 वर्षों से लगातार कुचामन पंचायत समिति की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मदद से अब तक सुकन्या समृद्धि योजना के तहत हजारों बेटियों के भविष्य को निखारने का काम कर चुके हैं। सरपंच दादरवाल ने बताया कि किसी भी योजना को धरातल पर उतार कर उसको धरातल पर क्रियान्वित करना जरूरी होता है क्योंकि योजनाओं को पात्र लोगों को लाभ मिलना व उस योजना का फायदा मिलना सबसे बड़ी बात होती है। सम्मान समारोह में सरपंच दादरवाल से प्रेरित होकर खाते खुलवाने वाले भामाशाहों का सम्मान समारोह के साथ बालिकाओं को डायरी वितरण की जाएगी। वहीं सरपंच दादरवाल बालिका प्रोत्साहन के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूकता फैलाने और पर्यावरण को सुरक्षित करने के उद्देश्य से अब तक ग्राम पंचायतों में लगभग 4500 छायादार व फलदार पौधे वितरण कर चुके हैं। सरपंच दादरवाल का मानना है कि पिछले

**सरपंच दादरवाल सुकन्या समृद्धि योजना के साथ प्रकृति संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक व हजारो पौधे वितरण कर चुके**

कुछ वर्षों से लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति से छेड़खानी की है जो के अंधाधुंध पेड़ों की कटाई की गई थी। परिणाम स्वरूप प्रकृति का संतुलन बिगड़ा हुआ है।पेड़ प्रकृति के श्रंगार है और हम सबका दायित्व है कि हमें पेड़ों का संरक्षण किया जाना चाहिए, जिससे प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सके वहीं सरपंच दादरवाल के द्वारा वितरित पौधों की जानकारी समय-समय पर लेते रहते हैं और पौधों को संरक्षण के करके पर्यावरण के प्रति जागरूक रहते हैं सरपंच दादरवाल का लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में एक पेड़ लगाए और उसके संरक्षण का जिम्मा ले।

**कलक्टर ने पीठ थपथपाई :** बालिकाओं के प्रोत्साहन को लेकर व प्रकृति के सरंक्षण को लेकर सरपंच दादरवाल को जिला कलक्टर जितेंद्रकुमार सोनी द्वारा पीठ थपथपाई गई थी। मालूम हो कि कलक्टर सोनी ने कुचामनसिटी के दौरे के समय सुकन्या समृद्धि योजना का फिल्डबैक लिया था, जिसमें सरपंच दादरवाल द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत जरूरतमंद व असहाय ग्रामीणों व ढाणियों में रहने वाली बालिकाओं को योजना में जोड़ चुके थे। कलक्टर सोनी ने कहा कि नागौर जिले में कुचामन पंचायत समिति के ग्राम पंचायत खारिया के सरपंच देवीलाल दादरवाल ने सुकन्या समृद्धि योजना में अनूठा कार्य किया है जो कि जिले में सर्वप्रथम शुरू किया गया था।

**पहली किस्त सरपंच दादरवाल ने जमा करवाई :** सरपंच दादरवाल नावाँ विधानसभा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में अबतक सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खुलवाए गए खातों की प्रथम क़िस्त की राशि स्वयं जमा करवा रहे है। इसी के साथ गांव-गांव में जाकर सुकन्या समृद्धि योजना के प्रति लोगों को जागरूक करके बेटियों के लिए भविष्य निखारने का कार्य कर रहे है।

# मौलासर बचपन स्कूल में पूर्व मंत्री सी.आर. चौधरी व पूर्व विधायक हरीश कुमावत का किया स्वागत



धनेश कुमार

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे की झाड़ोद रोड़ स्थित बचपन एंड सेवन स्टार कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को मौलासर दौरे पर रहे पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सी.आर. चौधरी एवं पूर्व विधायक नावां हरिश कुमावत का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं बचपन एंड सेवेन स्टार कान्वेंट स्कूल में स्कूल निदेशक हनुमान चौधरी ने नागौर के पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सी.आर. चौधरी एवं पूर्व विधायक नावां हरीश कुमावत का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया 7 वही पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सी. आर. चौधरी एवं पूर्व विधायक नावां हरीश कुमावत ने कहा कि आज के युग मे शिक्षा का महत्व बहुत हो गया।

व्यक्ति को आगे बढ़ने में सर्वप्रथम शिक्षा का ही सहारा लेना पड़ता है उसका व्यवहार, चरित्र शिक्षा से ही नजर आता है इस अवसर पर प्रिंसिपल हरदीप सिंह, एशियार्ड में नौकायन के गोल्ड मेडलिस्ट ओमप्रकाश,गजाधर बुगालिया,राकेश कस्वां, राकेश चौधरी,अशोक टेलर, रामस्वरूप, हरीप्रसाद, शिवशंकर, हरेन्द्र, सागर उपस्थित रहे। वहीं उन्होंने नन्हें-मुन्हें बच्चों को मार्गदर्शन दिया।

# हरसोर रिको क्षेत्र के भूखण्डों की आरक्षण लॉटरी निकाली



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के हरसोर रिको इन्डस्ट्री एरिया में भूखण्डों के आरक्षण को लेकर शुक्रवार को उपखण्ड कार्यालय डेगाना में लाटरी निकाली गई। इसमें तीन सदस्यीय कमेटी मे एसडीएम पंकज गढवाल, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक बजरंग सागंवा व राधा किशन गुप्ता रिको नागौर की मौजदूगी में लॉटरी का आयोजन किया गया। उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि 127 भूखण्डों में से 22 की लॉटरी निकाली गई। उन्होंने बताया की नियमानुसार रिकों के लिए आंवटित कुल भूमि से 17 प्रतिशत जगह को आरक्षित किया जाना था, जिसे लेकर आज लाटरी के माध्यम से गठित कमेठी द्वारा आरक्षित किया गया।

# नि:शुल्क मासिक हृदय रोग जांच व परामर्श शिविर रविवार को

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : लायंस क्लब कुचामनसिटी के तत्वावधान में श्री सीतादेवी सत्यनारायण क़ाबरा चैरिटीज के सौजन्य से श्री रामजीवन काबरा रोग निदान केंद्र पर हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर वार रविवार दिनांक 16 अक्टूबर 2022 को होगा। शिविर संयोजक लॉयन नरेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील जैन अपनी सेवाएं देंगे। कोषाध्यकक्ष लायन मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि शिविर हेतु रेजिस्ट्रेशन प्रात: 09.30 बजे से शिविर स्थल पर ही किया जायेगा। शिविर मे कोविड-19 के मद्देनजर राजकीय गाइडलाइन की अनुपालना की जाएगी। सभी मास्क अवश्य लगा कर आएं।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नागौर जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन शनिवार को विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर अपराह्न बारह बजे से एक बजे तक किया जायेगा। जिला परीक्षा संयोजक रामलाल टेलर ने बताया कि नागौर जिले के 355 राजकीय एवं निजी विद्यालय के 28500 विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# एबीवीपी कार्यकारिणी की घोषणा, लोमरोड़ बने नगर अध्यक्ष

## अखिल भारतीय विधार्थी परिषद का अभ्यास वर्ग का हुआ समापन

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज )** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जायल इकाई का अभ्यास वर्ग गुरुवार को संपन्न हुआ और संगठन की कार्यकारिणी की घोषणा की गई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रामप्रसाद सिरोही, एबीवीपी जिला प्रमुख दिनेश रोज,पूर्व जिला संयोजक धर्मन्द्र ईनाणा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम् शर्मा द्वारा जायल संगठन के कार्यकर्ताओं की घोषणा की गई जिसमें सर्वसम्मति से महेन्द्र लोमरोड़ को नगर अध्यक्ष, शुभम् शर्मा को नगर मंत्री, अशोक सिंवर व अमन व्यास को नगर उपाध्यक्ष, संग्राम लोमरोड़, हरेन्द्र सिंह, अभिषेक भाटी को नगर सहमंत्री, संगीता मेघवाल को नगर छात्रा प्रमुख, मनोज स्वामी को नगर विध्यालय संयोजक, ज्योतिष सैनी को नगर विधालय सहसंयोजक,अभिषेक जोशी को नगर सोशल मीडिया संयोजक,मूलाराम चौधरी को नगर कार्यालय मंत्री, जगदीश खारड़िया को नगर छात्रावास संयोजक,सतपाल विश्नोई को छात्रावास सहसंयोजक,रामस्वरूप लोमरोड़ को नगर संयोजक,मनोज भाटी को नगर प्रमुख, दिनेश खोजा को नगर कला मंच संयोजक, मुकेश बटेसर को नगर खेल संयोजक और लोकेन्द्र सिंह, मुरली वैष्णव, विष्णु पुरी, विनोद रोज एवं दयाल नाथ को नगर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया!

इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सौहू, महासचिव राकेश मातवा, संयुक्त सचिव चेतन बासठ, छात्र नेता नेमिचंद लोमरोड़, लोकेन्द्र सिंह, राहुल, कुलदीप, सुनील, दिनेश लोमरोड़ सहित अनेक छात्र - छात्राएं मौजूद थे।

# 9 कार्टून से 432 पव्वे बरामद



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )** : आबकारी आयुक्त के विशेष अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी मनोज बिस्सा के निर्देश पर आबकारी थाना मेड़ता ने मुखबिर की सूचना पर बीटन गांव में किराना दुकान पर कार्यवाही करते हुए 09 कार्टून से कुल 432 पव्वे आरएमएल बरामद किए है। मेड़ता आबकारी प्रह्राधिकारी गणपत राम ने बताया की मौके से एक मुलजिम बलबीर को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को कल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# पीलवा पुलिस ने धोखाधड़ी प्रकरण में की कार्यवाही, दो नामजद आरोपी गिरफ्तार




सुनील सोनी

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** पीलवा पुलिस ने धोखाधड़ी प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सूरजमल ने बताया कि 12 अक्टूबर को प्राथि हनुमान सिंग ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की में बिजली के पोल की फैक्ट्री में काम करता हूं। इसके ड्राइवर विकास व बजरंग सिंह थे। गाड़ी में कुल वजन 24700 किलो वायर था कांटे गाड़ी रवाना हुई रास्ते में गाड़ी ड्राइवर ने गाड़ी में से भरी बजरी रोड पर गिराते हुए लेकर जा रहा था मैंने पीछे से देखा तो गाड़ी रुकवा ही तो था गाड़ी वापस कांटे भजन करवाया जिसमें गाड़ी में करीबन 3000 किलो लोहे के वायर कम मिले, जिसमें वायर की जगह बदली भरी हुई थी। इस प्रकार मेरे साथ षड्यंत्र रच कर धोखाधड़ी की गई उक्त रिपोर्ट पर अनुसंधान किया गया अनुसंधान में विकास पुत्र बनवारी लाल जाति जाट उम्र 27 वर्ष निवासी मुंबई पीएस खेतड़ी जिला झुंझुनू का बजरंग को गिरफ्तार किया गया।

# सड़क पर अचानक गोवंश आने से मोटरसाइकिल सवार हुआ घायल

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा के पुलिस थाना के निकट सड़क पर अचानक गोवंश आने से मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर गिर गया। जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सालय का कार्मिक ओमप्रकाश पुत्र मनीराम उम्र 35 वर्ष निवासी अडवड जो गांव फिडोद में अपनी ड्यूटी पूरी कर शाम को अपने गांव जा रहा था। मूंडवा से निकलने के बाद पुलिस थाना से आगे सड़क पर अचानक गोवंश के आने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और चालक सड़क के नीचे गिर गया। आसपास रहने वाले लोगों ने 108 को सूचना दी सूचना मिलते ही 108 चालक मंगलाराम मुंडेल, पीएमटी जितेंद्र सेवर व रामेश्वर मुंडेल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को मूंडवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर राकेश सिरोही में प्राथमिक उपचार कर घायल को छुट्टी दे दी गई।

# डेगाना के उप जिला चिकित्सलय को मिले 6 नए चिकित्सक

## विधायक मिर्धा के प्रयास लाए रंग

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा व पूर्व विधायक रिछपाल सिंह मिर्धा के प्रयासों से उप जिला अस्पताल डेगाना में मरीजों को राहत देने के लिए विभिन्न रोगों के 6 नये विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हो गई है। जानकारी के अनुसार हॉल ही में नवनियुक्त चिकित्सकों में दो अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जीवन चौधरी व डॉ. जगदीश ने डेगाना अस्पताल मे अपना कार्यभार संभाल लिया। चिकित्सक विभाग ने चार नये चिकित्सकों के भी डेगाना में लगाने के आदेश 13 अक्टूबर को जारी कर दिये है। लंबे समय से रात्रि कालीन मैं अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने की शिकायतें भी मिल रही थी इसी को देखते हुए विधायक मिर्धा ने एक साथ चार डॉक्टरों की नियुक्ति करवाई। जिनमे डॉ रवि गौड़ फीजिशियन, डॉ हरीश गुप्ता निश्चेतना, डॉ अदिति मक्कड़ शिशु रोग विशेषज्ञ तथा डॉ दिशा रेवाड़ को चिकित्सा अधिकारी के रूप मे नियुक्ति के आदेश जारी किये है।

### किया आभार प्रकट

डेगाना नगरपालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल, प्रधान सुनीता चोयल, उपाध्यक्ष हारुन राशिद, शहर अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल, पार्षद प्रकाश कुंकणा, पार्षद रफीक खान,भामाशाह द्वारका प्रसाद हेडा, अनवर अली भाटी, मिडिया प्रभारी इब्राहिम खान, मन्शीराम खिलेरी, नंदसिंह मेडतिया, सुगनसिंह हाडा, प्रेमप्रकाश टेलर सहित जनप्रतिनिधि व डेगाना की जनता ने पूर्व विधायक रिछपाल सिंह मिर्धा व विधायक विजयपाल मिर्धा का आभार प्रकट किया।

# नशा एक व्यक्ति ही नहीं नस्लों को बर्बाद कर देता है : मुफ्ती खालिद अयूब

## कंजूल ईमान मस्जिद में जुमे की नमाज़ के दौरान हुई तकरीर

अली शेर खान

**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** क़स्बे की कंज़ुल ईमान मस्जिद में जुमा के संबोधन में नौजवानों के बीच बढ़ती नशाखोरी के विरुद्ध भाषण देते हुए प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान मुफ्ती खालिद अयूब मिस्बाही ने पवित्र क़ुरआन और पैगंबरे इस्लाम सल्लल्लाहु तआ़ला अ़लैहि वसल्लम की हदीसों के प्रकाश में नशे की खराबियां बयान कीं। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक लत नहीं बल्कि शारीरिक, मानसिक,मौलिक और आर्थिक बीमारियों की एक चैन है जिसका प्रत्येक पहलू हानिकारक है। नशेड़ी जिस प्रकार खुद अपमानित होता है,अपने पूरे समाज को भी अपमानित करता है और ठीक इसी प्रकार जैसे वह धीरे-धीरे शारीरिक रूप से बीमारियों का घर बनता चला जाता है,मानसिक रूप से पूरे समाज को प्रताड़ित करने से भी बाज़ नहीं आता। उन्होंने कहा की नशेड़ी एक समय में स्वयं पर, अपने माता पिता पर,बच्चों,पत्नी और सामान्य रूप से पूरे समाज पर बुरा प्रभाव डालता है। नशा एक व्यक्ति ही नहीं आम हो जाने के पश्चात पूरी नस्लों को बल्कि राज्य को बर्बाद करके रख देता है जिसका उदाहरण पंजाब राज्य है। प्रकृति ने पंजाब को किसी प्राकृतिक चीज़ से वंचित नहीं रखा पर नशे के कारण वहां की जिंदगियां जीवन की असल खुशियों से महरूम हैं।

**नशे के खिलाफ पैगम्बर इस्लाम की हदीसें की बयान**

# भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने पार्टी कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

## आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को कमर कसने का किया आह्वान

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर मेड़तासिटी के दौरे पर रहे। जिला मंत्री एडवोकेट अभिमन्यु शर्मा के निवास पर सभी कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए कार्यकर्ताओं को आगामी 2023-24 की चुनाव की तैयारी के लिए अभी से बूथ स्तर तक पार्टी के कार्यक्रमों को ले जाना एवं बूथ समितियों, पन्ना प्रमुख तक बनाने संगठन के कार्य के संबंध में चर्चा, संगठन महामंत्री ने बताया कि कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता के बीच में प्रचार-प्रसार करना चाहिए है एवं आम जनता किस प्रकार से केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो इस संबंध में बूथ स्तर तक जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में नागौर विधायक मोहन राम चौधरी, जनता प्रधान संदीप चौधरी, पूर्व एमएलए सुखराम, प्रदेश मंत्री लक्ष्मीनारायण मुंडेल, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा रामेश्वर छाबा, पूर्व जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा,, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कल्पना चौहान, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मदन गोरा, मंडल अध्यक्ष मुक्ति लाल नागौर, नवरत्न मल सिंघवी पार्षद विजय राज, वरिष्ठ नेता लक्ष्मण कलरू, श्याम सांखला, तुलसीराम प्रजापत, पुसदास वैष्णव, राहुल कच्छावा आदि कार्य करता उपस्थित रहे।

# संतोष महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजित



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** कस्बे के सन्तोष आदर्श महाविद्यालय में शुक्रवार को तृतीय रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें कुल 170 से अधिक संख्या में रक्तदाताओं का रजिस्ट्रेशन हुआ। इसमें से तीन युगल दम्पत्तियों सहित 138 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। संस्था के निदेशक श्याम रुनवाल ने बताया कि कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद रुणवाल के जन्मदिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में युवा लोगों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया। संस्था सरंक्षक गुलाब चंद रुणवाल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पूजा अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में रियाँबड़ी क्षेत्र के पादू कला, केरिया माकड़, कोड, बडायली, सुरियास, पुरोहितासनी, दासावास अखावास सहित अन्य ग्रामीण अंचल के लोग सम्मिलित हुए।

इसमें राजकीय महिला चिकित्सालय, राजकीय जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर एवं त्रिवेणी ब्लड बैंक की तीन दलों ने रक्त संग्रहण का कार्य किया।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भामाशाहों ने कम्प्यूटर सिस्टम व इनवर्टर मय बैटरी की भेंट




अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शुक्रवार को संखवास कस्बे के देवासियों के मोहल्ला स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में भामाशाहों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम एवं इनवर्टर मय बैटरी भेंट किए। सरपंच प्रतिनिधि भीखाराम मेघवाल ने कम्प्यूटर सिस्टम तथा भामाशाह गंगासिंह बड़गुर्जर, लुम्बाराम देवासी , भोमाराम देवासी तथा महेंद्र रेबारी ने मिलकर इनवर्टर मय बैटरी भैंट किया। इस मौके पर भामाशाहों ने विधालय परिवार के अध्यापकों से मिलकर शाला परिसर की अन्य विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओ को पुरा करने का आश्वासन दिया तथा प्रतिउत्तर अध्यापको ने भी बच्चों की शिक्षा के प्रति सदैव नियमबद्ध तथा कर्तव्यनिष्ठता की पालना करने का वचन निभाया तथा शिक्षकों ने बच्चों के अभिभावकों को बच्चो की घर पर शिक्षा के प्रति संस्कारमय उच्चस्तरीय वातावरण बनाने की जरुरत भी बताई। इस अवसर पर विद्यालय के शारीरक शिक्षक जयसिंह, शिक्षक महिपाल कुंकणा, मोहम्मद हसन, निरमा, सुनिता, विनिता गौड़, पप्पूराम मुकेश चौधरी तथा ग्रामीण एंकर आर के जांगिड़ तथा भूटाराम देवासी मोजूद रहे।

# मूंडवा पुलिस ने खाईवाली करते 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा पुलिस ने जुआ सट्टा रोकथाम हेतु कार्यवाही करते हुए शहर के बाजार में खाईवाली करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रीछपाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा व मूंडवा डिप्टी विजय कुमार सांखला के सुपरविजन में मूंडवा थानाधिकारी टीम द्वारा जुआ सट्टा की रोकथाम के लिए कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13975 रुपए व पर्चियां बालपेन जप्त किए गए। खाई वाली करते हुए प्रदीप जाट उम्र 30 वर्ष, निवासी मूंडवा, सहदेव जाट उम्र 32 वर्ष, निवासी मूंडवा, भीकाराम जाट उम्र 32 वर्ष, निवासी मूंडवा, महेंद्र जाट 22 वर्ष, निवासी मूंडवा, प्रहलाद नायक उम्र 32 वर्ष निवासी इनाणा, इस्लाम 50 वर्ष निवासी झुझण्डा, शैतान राम मेघवाल 47 वर्ष निवासी मूंडवा, चेलाराम पुत्र भंवरूराम चौकीदार निवासी मूंडवा, गणेश पुत्र बाबूलाल ओढ़ निवासी मूंडवा को शहर के बाजार से खाईवाली करते हुए गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी रीछपाल सिंह, हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद, जगदीश सिंह, कांस्टेबल दुलाराम डूकिया, ओमप्रकाश, देवेंद्र, शेरसिंह, राकेश, छोटाराम, कानाराम उपस्थित रहे।

# कोई भी व्यक्ति दवा के अभाव में चिकित्सा सुविधा से नहीं हो वंचित

## नागौर जिले के डॉक्टरों का संभाग मुख्यालय पर गेट टूगेदर कार्यक्रम का आयोजन

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले के डॉक्टरों द्वारा संभाग मुख्यालय पर स्थित अजमेर के होटल ग्रांड जीनिया में गेट टूगेदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी में 2020 बैच के डॉक्टरों ने भाग लिया। डांस म्यूजिक और पोएट्री के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। हृदय रोग विशेषज्ञ एवं सहायक आचार्य डॉ. प्रमोद पारीक ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से की। उन्होंने कहा कि नागौरी मैथी की तरह हर एक गांव-ढाणी से निकले हुए डॉक्टरों ने अपनी पहचान राजस्थान में छोड़ी है। हृदय रोगों से बचने के तरीके भी बताएं। वहीं डॉ.रामनिवास सारण सारण ने अपने अनुभव बांटे। पूर्व डिप्टी सीएमएचओ डॉ देवराज राव ने कहा कि जिले का कोई भी व्यक्ति दवा के अभाव में चिकित्सा सुविधा से वंचित नहीं होना चाहिए। वह उम्मीद लेकर अस्पताल आता है। हरसौर सीएचसी के डॉ शिवराज प्रजापत ने आपसी सौहार्द एवं मैत्रीपूर्ण संबधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अजमेर में नागौर जिले के करीब 15 कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन एवं अन्य स्पेशलिस्ट डॉक्टर कार्यरत हैं। इसके बाद मेल फीमेल डॉक्टरों ने डांस और गानों से सबका मन मोह लिया। लग जा गले... यारो दोस्ती बड़ी ही हसीन है..... जैसे गीतों से डॉक्टरों ने समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में एक साथ आए इन सहपाठियों के लिए स्मृति लेन में यह एक उदासीन यात्रा थी। बीते हुए वर्षों के संस्मरण एक बार फिर से जीवंत हो गए क्योंकि उन सभी ने खुशी और आनंद से भरे उन पुराने, युवा, हर्षित दिनों की अपनी यादें साझा कीं। इस अवसर पर डॉ शिवराज प्रजापत, डॉ देवराज राव, डॉ रामनिवास सारण, डॉ भंवरलाल भाकर, डॉ कमलेश गौरा आदि मौजूद रहे।

# केश कला बोर्ड के सदस्य माणक सेन का किया गया अभिनंदन


सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान केश कला बोर्ड के मनोनीत सदस्य माणक सैन नियुक्त होने पर रुद्राक्ष मेडिकल पर पार्षद नरेश गोलिया की अगुवाई में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर मनोनीत पार्षद गोलिया ने बताया कि मेड़ता विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान सरकार में भागीदारी मानक सेन के रूप में भागीदारी सुनिश्चित की है । इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री, व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासारा ,केश कला बोर्ड के चेयरमैन महेंद्र गहलोत ने क्षेत्रवासियों को एक बड़ा तोहफा दिया है।

# प्रमिला मीणा का तबादला हर गिज मंजूर नही : सरपंच सैनी

## रियांबड़ी सीनियर स्कूल प्रधानाचार्य का स्थानान्तरण होने से फैला जनआक्रोश

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे के राजकीय सीनियर स्कूल की प्रिंसिपल प्रमिला देवी का स्थानान्तरण होने से जागरूक लोगो व शिक्षा प्रेमियो सहित विद्यार्थियों में भारी जनआक्रोश फैल गया है।

शिक्षा समिति अध्यक्ष बनवारीलाल खंडेलवाल ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रियांबड़ी नागौर से राजकीयय उच्च माध्यमिक विद्यालय बानिया बीकानेर किया गया है। उक्त प्रधानाचार्य के आने के बाद विद्यालय में विकास एवं शैक्षिक व अन्य गतिविधियों में बहुत अधिक सुधार हुआ है। रियांबड़ी सरपंच गिरधारीलाल माली ने बताया कि विद्यालय के जर्जर भवन को स्वयं के स्टाफ व भामाशाहों को प्रेरित कर 70 लाख रुपए के आर्थिक जन सहयोग से भवन की दशा में सुधार करवाया है। वैसे ही रियांबड़ी में हमेशा जागरूक स्टाफ एवं जागरूक प्रधानाचार्य की कमी रही है। गौरतलब हैं कि अभी शैक्षिक स्तर में सुधार होने लगा तो विद्यालय के समर्पित स्टाफ का स्थानान्तरण होना जनहित में नहीं है। इनके स्थानान्तरण की सूचना आग की तरह फैली ओर आमजन में आक्रोश व्याप्त है।

कस्बेवासियों के अनुसार यदि तीन दिवस में स्थानान्तरण निरस्त नहीं किया तो ग्रामीण जन बड़ा आन्दोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# स्काउट शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 190 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

महबूब खोखर



**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा के निकटवर्ती ग्राम गाजु में स्काउट गाइड स्थानीय संघ मारवाड़ मूण्डवा के तत्वावधान में तृतीय सोपान शिविर का शुभारम्भ राजकीय माध्यमिक विद्यालय गाजु में हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि सहायक प्रभारी जिला कमिश्नर मानाराम पचार द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया शिक्षक आत्माराम ने बताया कि स्थानीय स्काउट सचिव गजेन्द्र गेपाला ने इस अवसर पर शिविर में चलने वाली गतिविधियों के बारे में जानकार दी। प्रभारी जिला कमिश्नर मानाराम पवार ने कहा स्काउट का मतलब सेवा है जो आदमी सेवा की भावना लेकर कोई कर्म करना चाहता है तो वहीं सच्चा स्काउट गाइड कहलाता है। कोरोना जैसी गंभीर बीमारी में स्काउट गाइड ने समर्पित होकर सेवा करने का उदाहरण पेश किया। सत्तार खान ने बताया कि शिविर में विभिन्न विद्यालयो के 190 से ज्यादा बच्चे भाग ले रहे है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर गाजू सरपंच प्रतिनिधि बुधाराम गोदारा, स्थानीय स्काउट प्रधान विकास सिंघवी, जसाराम फरड़ोदा, स्वरुपाराम तांडी, पूर्व सरपंच नुकलाराम, राधेश्याम पंवार, प्रहलाद कड़वासरा, रामनिवास जांगीड़, संदर्भ व्यक्ति नृसिंह ईनाणिया, राधाकिशन सेवर, दिनेश मुंडेल, आत्माराम, धर्माराम, बस्तीराम खोजा, रामकिसोर डिडेल, रामकिशोर भाकर, सतीश मिर्धा, रुपेन्द्र, विष्णुदयाल शर्मा, हरिओम तिवाड़ी, ताराचंद बड़ौला, संतोष सिंवर, ज्योति गेपाला, सुमित्रा मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com